IN-UK71399104554607Y

सत्यमेव जयते

# INDIA NON JUDICIAL
## Government of Uttarakhand

₹100

**e-Stamp**

| | | |
|---|---|---|
| Certificate No. | : | IN-UK71399104554607Y |
| Certificate Issued Date | : | 23-May-2026 02:05 PM |
| Account Reference | : | NONACC (SV)/ uk1303704/ DEHRADUN/ UK-DH |
| Unique Doc. Reference | : | SUBIN-UKUK130370447685642473454Y |
| Purchased by | : | S E T S G R R UNIVERSITY |
| Description of Document | : | Article 5 Agreement or Memorandum of an agreement |
| Property Description | : | NA |
| Consideration Price (Rs.) | : | 0 (Zero) |
| First Party | : | NIELIT |
| Second Party | : | S E T S G R R UNIVERSITY |
| Stamp Duty Paid By | : | S E T S G R R UNIVERSITY |
| Stamp Duty Amount(Rs.) | : | 100 (One Hundred only) |

Please write or type below this line

NOTARIAL Rajendra Singh Negi Advocate Dehradun Distt. Reg.No.19(01)23 GOVT. OF UTTARAKHAND

Registrar DEHRADUN

**Statutory Alert:**

1. The authenticity of this Stamp certificate should be verified at 'www.shcilestamp.com' or using e-Stamp Mobile App of Stock Holding. Any discrepancy in the details on this Certificate and as available on the website / Mobile App renders it invalid.
2. The onus of checking the legitimacy is on the users of the certificate.
3. In case of any discrepancy please inform the Competent Authority.

Scanned with OKEN Scanner

NOTARY
Rajendra Singh Negi
Advocate
Dehradun District
Reg. No. 19(01)2002
GOVT. OF UTTARAKHAND

# समझौता ज्ञापन
# MEMORANDUM OF UNDERSTANDING

यह समझौता ज्ञापन (MoU) दिनांक 26/05/2026 को संपादित एवं निष्पादित किया गया।

This Memorandum of Understanding (MoU) is made and entered into on........, the

Sanyam Rathor

BY AND BETWEEN

National Institute of Electronics & Information Technology, (NIELIT) Haridwar, an autonomous scientific society under Ministry of Electronics & Information Technology (MeitY), Government of India, having its office at 2nd Floor, Government Polytechnic Building, Plot No. 6C, Sector-11, SIDCUL, Haridwar, hereinafter called **'NIELIT-HARIDWAR'** which expression shall, where the context so admits, be deemed to include its successors, executors, administrators or permitted assigns of the ONE PART.

**And**

School of Engineering & Technology, SGRR University,Dehradun, hereinafter called 'SGRR-DEHRADUN' which expression shall, where the context so admits, be deemed to include its successors, executors, administrators or permitted assigns of the SECOND PART.

WHEREAS, NIELIT offers various Training Programmes in the field of IECT to equip the students with necessary knowledge of the key industry practices and skills to be fruitfully employed besides exposure to live projects and hands-on practical training.

WHEREAS both parties have held discussion and agreed that NIELIT-HARIDWAR and SGRR-DEHRADUN may identify various key area of cooperation in order to promote Digital Literacy, generate Skilled Technical Manpower and proliferate Knowledge Sharing among faculties of both prestigious institutions.

Therefore, both parties wish to conclude this Memorandum of Understanding (hereafter called "MoU") to co-operate on the activities set forth in this MoU.

**A) THE OBJECTIVE**

To foster collaboration, share experience, and to facilitate advancement of knowledge, NIELIT-HARIDWAR and SGRR-DEHRADUN agree to explore the possibility of engaging in the following modes of collaboration and the objectives of this MoU are:

a. Exchange of information on research, teaching, learning materials and other literature relevant to the educational and training programmes of both the institutions.

b. Joint organization of seminars, conferences, workshops on topics of mutual interest, while extending invitation to each other's faculty to participate therein and the expenses on such account would be finalized by both the institutions on case-to-case basis;

c. Conduct of Faculty Development Programmes by NIELIT-HARIDWAR for the faculties of SGRR-DEHRADUN in niche areas and future skills;

Sanyam Kathor

NOTARY GOVT. OF UTTARAKHAND Rajendra Singh Negi Advocate Dehradun District Reg.No.14931/2002

पक्षों के मध्य

राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (NIELIT) हरिद्वार, जो भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) के अंतर्गत एक स्वायत्त वैज्ञानिक संस्था है, जिसका कार्यालय द्वितीय तल, राजकीय पॉलिटेक्निक भवन, प्लॉट संख्या 6C, सेक्टर-11, सिडकुल, हरिद्वार में स्थित है, जिसे आगे "NIELIT-HARIDWAR" कहा जाएगा, और जहाँ संदर्भ की आवश्यकता हो वहाँ इसके उत्तराधिकारी, निष्पादक, प्रशासक अथवा अनुमत नामित उत्तराधिकारी भी सम्मिलित माने जाएंगे — प्रथम पक्ष।

एवं

स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, एसजीआरआर विश्वविद्यालय, देहरादून, जिसे आगे "SGRR-DEHRADUN" कहा जाएगा, और जहाँ संदर्भ की आवश्यकता हो वहाँ इसके उत्तराधिकारी, निष्पादक, प्रशासक अथवा अनुमत नामित उत्तराधिकारी भी सम्मिलित माने जाएंगे — द्वितीय पक्ष।

चूँकि, NIELIT सूचना, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार प्रौद्योगिकी (IECT) के क्षेत्र में विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित करता है, ताकि विद्यार्थियों को उद्योगों में प्रचलित प्रमुख प्रक्रियाओं एवं कौशलों का ज्ञान प्राप्त हो सके तथा उन्हें लाइव प्रोजेक्ट्स एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण का अनुभव मिल सके।

चूँकि, दोनों पक्षों के मध्य विचार-विमर्श उपरांत यह सहमति बनी है कि NIELIT-HARIDWAR एवं SGRR-DEHRADUN डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देने, कुशल तकनीकी मानव संसाधन विकसित करने तथा दोनों प्रतिष्ठित संस्थानों के संकाय सदस्यों के मध्य ज्ञान साझेदारी को प्रोत्साहित करने हेतु विभिन्न सहयोगात्मक क्षेत्रों की पहचान करेंगे।

अतः, दोनों पक्ष इस समझौता ज्ञापन (जिसे आगे "MoU" कहा जाएगा) के अंतर्गत उल्लिखित गतिविधियों में सहयोग हेतु इस समझौता ज्ञापन को संपादित करना चाहते हैं।

A) उद्देश्य

सहयोग को प्रोत्साहित करने, अनुभवों का आदान-प्रदान करने तथा ज्ञान के विकास को सुगम बनाने के उद्देश्य से, NIELIT-HARIDWAR एवं SGRR-DEHRADUN निम्नलिखित सहयोगात्मक गतिविधियों की संभावनाओं का खोज करने पर सहमत हैं। इस MoU के उद्देश्य निम्नलिखित हैं:

a. दोनों संस्थानों के शैक्षिक एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों से संबंधित अनुसंधान, शिक्षण, अध्ययन सामग्री तथा अन्य साहित्य का आदान-प्रदान।

b. परस्पर रुचि के विषयों पर संयुक्त रूप से सेमिनार, सम्मेलन एवं कार्यशालाओं का आयोजन करना तथा एक-दूसरे के संकाय सदस्यों को उसमें भाग लेने हेतु आमंत्रित करना। ऐसे आयोजनों पर होने वाले व्यय का निर्धारण दोनों संस्थानों द्वारा मामले के अनुसार किया जाएगा।

c. NIELIT-HARIDWAR द्वारा SGRR-DEHRADUN के संकाय सदस्यों हेतु उभरती प्रौद्योगिकियों एवं भविष्य कौशल (Future Skills) के क्षेत्रों में Faculty Development Programmes (FDPs) का आयोजन करना।

Sanyam Rathor

NOTARY
Rajendra Singh Negi
Advocate
Dehradun District
Reg.No. 19(01)2002
GOVT. OF UTTARAKHAND

Scanned with OKEN Scanner

d. Conduct of Industrial/Summer Training programmes by NIELIT HARIDWAR in advanced and upcoming technologies in the areas of IECT and allied verticals with an aim to equip students of SGRR-DEHRADUN with necessary knowledge of the key industry practices and skills besides exposure to live projects and hands-on practical trainings in order to enhance their employability;

e. Capacity Building of Faculty and Students of SGRR-DEHRADUN on NSQF (National Skills Qualification Framework) aligned courses of NIELIT.

f. To promote interaction between NIELIT-HARIDWAR and SGRR-DEHRADUN in mutually beneficial areas which so far have been identified above.

The budding graduates from the institutions could play a key role in technological up-gradation, innovation and competitiveness of an industry. Both parties believe that close co-operation between the two would be of major benefit to the student community to enhance their skills and knowledge.

**B) PROPOSED MODES OF COLLABORATION**

RECOGNISING the mutual interest in the fields of research, development, education, training, transfer of technology and dissemination of knowledge on long-term basis,

NIELIT-HARIDWAR & SGRR-DEHRADUN HEREBY agree to establish collaboration according to terms and conditions set out in the following, hereunder.

Cooperation between the two institutions may be established within any field related to academic and research of mutual interest:

**a. EXCHANGE OF INFORMATION ON RESEARCH, TEACHING, CURRICULAM DESIGN AND LEARNING MATERIALS:**

NIELIT-HARIDWAR and SGRR-DEHRADUN may exchange information on research and educational programmes, curriculum design, teaching/learning material and other literature relevant to their educational and research programmes. Further, NIELIT-HARIDWAR and SGRR-DEHRADUN agree to explore ways to share teaching/learning material and other relevant literature, while respecting each other's intellectual property and other rights.

**b. JOINT ORGANIZATION OF CONFERENCES, WORKSHOPS AND SHORT-TERM COURSES:**

NIELIT-HARIDWAR and SGRR-DEHRADUN agree to help identify and invite faculty members from each others institution to participate in conference, workshops and short-term courses. The terms and conditions for such participation will be worked out by mutual agreement between the invited faculty member(s) and the institution extending such an invitation.

Sanyam Rathor

NOTARY
Rajendra Singh Negi
Advocate
Dehradun District
Regd No. 19(01)2007
GOVT. OF UTTARAKHAND

Scanned with OKEN Scanner

d. NIELIT-HARIDWAR द्वारा सूचना, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार प्रौद्योगिकी (IECT) तथा संबंधित क्षेत्रों में उन्नत एवं उभरती तकनीकों पर औद्योगिक/ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनका उद्देश्य SGRR-DEHRADUN के विद्यार्थियों को उद्योगों में प्रचलित प्रमुख प्रक्रियाओं एवं कौशलों का आवश्यक ज्ञान प्रदान करना, साथ ही उन्हें लाइव प्रोजेक्ट्स एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण का अनुभव उपलब्ध कराना होगा, ताकि उनकी रोजगार क्षमता में वृद्धि हो सके।

e. NIELIT के NSQF (National Skills Qualification Framework) अनुरूप पाठ्यक्रमों के माध्यम से SGRR-DEHRADUN के संकाय सदस्यों एवं विद्यार्थियों की क्षमता निर्माण (Capacity Building) करना।

f. NIELIT-HARIDWAR एवं SGRR-DEHRADUN के मध्य उन परस्पर लाभकारी क्षेत्रों में सहयोग एवं सहभागिता को प्रोत्साहित करना, जिनकी पहचान उपरोक्त रूप में की गई है।

इन संस्थानों से निकलने वाले नवोदित स्नातक उद्योगों में तकनीकी उन्नयन, नवाचार एवं प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। दोनों पक्षों का विश्वास है कि उनके मध्य निकट सहयोग से छात्र समुदाय को अपने कौशल एवं ज्ञान को विकसित करने में अत्यधिक लाभ प्राप्त होगा।

B) प्रस्तावित सहयोग के तरीके

अनुसंधान, विकास, शिक्षा, प्रशिक्षण, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण एवं दीर्घकालिक आधार पर ज्ञान के प्रसार के क्षेत्रों में परस्पर रुचि को मान्यता देते हुए,

NIELIT-HARIDWAR एवं SGRR-DEHRADUN निम्नलिखित शर्तों एवं नियमों के अनुसार सहयोग स्थापित करने पर सहमत होते हैं।

दोनों संस्थानों के मध्य सहयोग ऐसे किसी भी क्षेत्र में स्थापित किया जा सकता है, जो शैक्षणिक एवं अनुसंधान गतिविधियों से संबंधित हो तथा दोनों पक्षों के परस्पर हित में हो।

a. अनुसंधान, शिक्षण, पाठ्यक्रम निर्माण एवं अध्ययन सामग्री के आदान-प्रदान के संबंध में:

NIELIT-HARIDWAR एवं SGRR-DEHRADUN अनुसंधान एवं शैक्षणिक कार्यक्रमों, पाठ्यक्रम निर्माण, शिक्षण/अध्ययन सामग्री तथा अपने शैक्षणिक एवं अनुसंधान कार्यक्रमों से संबंधित अन्य साहित्य का आदान-प्रदान कर सकते हैं।

इसके अतिरिक्त, NIELIT-HARIDWAR एवं SGRR-DEHRADUN एक-दूसरे के बौद्धिक संपदा अधिकारों एवं अन्य अधिकारों का सम्मान करते हुए शिक्षण/अध्ययन सामग्री एवं अन्य प्रासंगिक साहित्य साझा करने के विभिन्न उपायों का खोज करने पर सहमत हैं।

b. सम्मेलनों, कार्यशालाओं एवं अल्पकालिक पाठ्यक्रमों का संयुक्त आयोजन:

NIELIT-HARIDWAR एवं SGRR-DEHRADUN एक-दूसरे के संस्थानों के संकाय सदस्यों की पहचान करने एवं उन्हें सम्मेलनों, कार्यशालाओं तथा अल्पकालिक पाठ्यक्रमों में भाग लेने हेतु आमंत्रित करने में सहयोग करने पर सहमत हैं।

ऐसी सहभागिता के लिए नियम एवं शर्तें आमंत्रित संकाय सदस्य(सदस्यों) एवं आमंत्रण प्रदान करने वाले संस्थान के मध्य पारस्परिक सहमति से निर्धारित की जाएंगी।

Sanyam Rathor

NOTARY
Rajendra Singh Negi
Advocate
Dehradun District
Reg. No. 19(01)2002
GOVT. OF UTTARAKHAND

Scanned with OKEN Scanner

c. **FDP:**

NIELIT-HARIDWAR will organize Faculty Development Programmes (FDP) in the upcoming areas of IECT and allied verticals time-to-time for the faculties of SGRR-DEHRADUN. The financials and schedule of FDP programmes may be worked out mutually by both institutions on case-to-case basis.

d. **SKILL DEVELOPMENT PROGRAMMES:**

Skill Development Programs: NIELIT-HARIDWAR to train the students of SGRR-DEHRADUN on the emerging technologies in order to bridge the skill gap and make them industry ready.

## C) TERMS & CONDITIONS

1. NIELIT-HARIDWAR agrees to take students of SGRR-DEHRADUN for admission to its Summer/Industrial Training Programmes and other Advanced Training Programmes or any other Training Programme, as deemed fit, in the best interest of the students, mutually decided with SGRR-DEHRADUN on case-to-case basis.

2. NIELIT is implementing SCSP/TSP Scheme of Government of India. Benefits may be extended to eligible SC/ST candidates of SGRR-DEHRADUN subject to availability of seats and compliance of norms of the scheme.

3. NIELIT-HARIDWAR will customize the Industrial/Summer Training programmes offered to students of SGRR-DEHRADUN by incorporating NIELIT's trademark strengths along with a special emphasis on Core Concepts of the technologies.

4. The present MoU can be terminated by either party by giving a notice of three months without assigning any reason. In this regard, neither party shall have any claim against the other party and its officials on account of termination of this MoU. However, the responsibilities and duties of both parties in respect of the students already registered for any of the Programmes under this MoU shall not end with the termination of the MoU, and these will remain valid in totality until completion of evaluation of the already registered students and reporting of their results.

5. Programmes may be added/modified/dropped as mutually agreed upon by both parties to keep the bouquet of courses up-to-date with current technology/trends. The Fee structure of the courses is subject to revision time-to-time. NIELIT-HARIDWAR will intimate SGRR-DEHRADUN about such changes so as to keep students informed about the latest fee structure.

6. There is no financial commitment on the part of the NIELIT-HARIDWAR or SGRR-DEHRADUN to take up any program mentioned in the MoU. If there is any financial consideration, it will be dealt separately.

Sanyam Rathor

NOTARY GOVT. OF UTTARAKHAND Rajendra Singh Negi Advocate Dehradun District Regd. No. 19/01/2002

Scanned with OKEN Scanner

c. संकाय विकास कार्यक्रम (FDP):

NIELIT-HARIDWAR समय-समय पर सूचना, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार प्रौद्योगिकी (IECT) तथा संबंधित क्षेत्रों की उभरती तकनीकों में SGRR-DEHRADUN के संकाय सदस्यों हेतु Faculty Development Programmes (FDP) आयोजित करेगा। FDP कार्यक्रमों की वित्तीय व्यवस्था एवं समय-सारणी दोनों संस्थानों द्वारा मामले के अनुसार पारस्परिक सहमति से निर्धारित की जाएगी।

d. कौशल विकास कार्यक्रम:

NIELIT-HARIDWAR, SGRR-DEHRADUN के विद्यार्थियों को उभरती तकनीकों पर प्रशिक्षण प्रदान करेगा, ताकि कौशल अंतर (Skill Gap) को कम किया जा सके तथा विद्यार्थियों को उद्योगों के अनुरूप तैयार किया जा सके।

## C) नियम एवं शर्तें

1. NIELIT-HARIDWAR, SGRR-DEHRADUN के विद्यार्थियों को अपने ग्रीष्मकालीन/औद्योगिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों, उन्नत प्रशिक्षण कार्यक्रमों अथवा अन्य उपयुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रवेश प्रदान करने पर सहमत है, जिन्हें विद्यार्थियों के हित में SGRR-DEHRADUN के साथ मामले के अनुसार पारस्परिक सहमति से निर्धारित किया जाएगा।
2. NIELIT भारत सरकार की SCSP/TSP योजना का क्रियान्वयन कर रहा है। योजना के मानदंडों के अनुपालन एवं सीटों की उपलब्धता के अधीन, SGRR-DEHRADUN के पात्र अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (SC/ST) अभ्यर्थियों को इसका लाभ प्रदान किया जा सकता है।
3. NIELIT-HARIDWAR, SGRR-DEHRADUN के विद्यार्थियों हेतु संचालित औद्योगिक/ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रमों को NIELIT की विशिष्ट विशेषज्ञताओं तथा तकनीकों की मूलभूत अवधारणाओं (Core Concepts) पर विशेष बल देते हुए अनुकूलित (Customize) करेगा।
4. वर्तमान MoU को किसी भी पक्ष द्वारा बिना कोई कारण बताए तीन माह पूर्व सूचना देकर समाप्त किया जा सकता है। इस संबंध में MoU की समाप्ति के कारण कोई भी पक्ष अथवा उसके अधिकारी दूसरे पक्ष के विरुद्ध कोई दावा प्रस्तुत नहीं करेंगे। परंतु, इस MoU के अंतर्गत पहले से पंजीकृत विद्यार्थियों के संबंध में दोनों पक्षों की जिम्मेदारियाँ एवं दायित्व MoU की समाप्ति के साथ समाप्त नहीं होंगे तथा ऐसे विद्यार्थियों के मूल्यांकन पूर्ण होने एवं परिणाम घोषित होने तक पूर्ण रूप से प्रभावी रहेंगे।
5. वर्तमान तकनीक एवं प्रवृत्तियों के अनुरूप पाठ्यक्रमों को अद्यतन बनाए रखने हेतु दोनों पक्षों की पारस्परिक सहमति से कार्यक्रमों को जोड़ा, संशोधित अथवा हटाया जा सकता है। पाठ्यक्रमों की शुल्क संरचना समय-समय पर संशोधित की जा सकती है। NIELIT-HARIDWAR ऐसे परिवर्तनों की सूचना SGRR-DEHRADUN को देगा ताकि विद्यार्थियों को नवीनतम शुल्क संरचना की जानकारी उपलब्ध कराई जा सके।
6. इस MoU में उल्लिखित किसी भी कार्यक्रम को संचालित करने हेतु NIELIT-HARIDWAR अथवा SGRR-DEHRADUN की ओर से कोई वित्तीय प्रतिबद्धता नहीं होगी। यदि किसी प्रकार का वित्तीय प्रावधान आवश्यक होगा, तो उसे पृथक रूप से निर्धारित किया जाएगा।

Sanyam Rathor

NOTARY
Rajendra Singh Negi
Advocate
Dehradun District
Reg.No. 19(01)2002
GOVT. OF UTTARAKHAND

Scanned with OKEN Scanner

7. Commencement and duration of the programmes under MoU will be as per schedule mutually agreed upon between NIELIT-HARIDWAR and SGRR- DEHRADUN.

8. NIELIT-HARIDWAR reserves the right to cancel registration of students not adhering to NIELIT's code of attendance and discipline.

9. Both the parties shall indemnify and keep the other party indemnified and harmless against any and all claims, actions, proceedings by third party (including all costs, expenses, damages/losses) arising out of or in connection with this MoU due to breach of any provisions of this MoU by such party or as a result of any act of negligence/omission or commission on part of such party and/or its employees, agents etc.

10. **Relationship between the parties:** It is expressly agreed that NIELIT-HARIDWAR and SGRR-DEHRADUN are acting under this MoU as independent contractors, and the relationship established under this MoU shall not be construed as a partnership. Neither Party is authorized to use the other Party's name in any way, to make any representations or create any obligation or liability, expressed or implied, on behalf of the other Party, without the prior written consent of the other Party. Neither party shall have, nor represents itself as having, any authority under the terms of this MoU to make agreements of any kind in the name of or binding upon the Party, to pledge the other Party's credit, or to extend credit on behalf or the other Party.

11. **Arbitration:** In the event of any difference or dispute arising between the parties in connection with or concerning the observance of the terms and conditions or interpretation thereof, the same shall be jointly resolved by Director-In-Charge NIELIT-HARIDWAR and SGRR-DEHRADUN in a spirit of independence, mutual respect and shared responsibilities, failing which both parties shall appoint a mutually agreed arbitrator. The decision of arbitrator shall be final and binding on parties hereto. The Arbitration and Conciliation Act, 1996 and Rules framed there under shall be applicable to the parties hereto.

12. In all matters and disputes arising hereunder the appropriate courts at Haridwar under the jurisdiction of Hon'ble High Court of Uttarakhand at Nainital shall have the jurisdiction to entertain and try them.

Sanyam Rathor

NOTARY
Rajendra Singh Negi
Advocate
Dehradun District
Reg.No. 19(01)2002
GOVT. OF UTTARAKHAND

Scanned with OKEN Scanner

7. इस MoU के अंतर्गत संचालित कार्यक्रमों का प्रारम्भ एवं अवधि, NIELIT-HARIDWAR तथा SGRR-DEHRADUN के मध्य पारस्परिक सहमति से निर्धारित समय-सारणी के अनुसार होगी।
8. NIELIT-HARIDWAR को यह अधिकार सुरक्षित रहेगा कि यदि कोई विद्यार्थी NIELIT के उपस्थिति एवं अनुशासन संबंधी नियमों का पालन नहीं करता है, तो उसका पंजीकरण निरस्त किया जा सकता है।
9. दोनों पक्ष इस बात पर सहमत हैं कि यदि इस MoU के किसी प्रावधान के उल्लंघन अथवा किसी पक्ष एवं/या उसके कर्मचारियों, प्रतिनिधियों आदि की लापरवाही, त्रुटि, कृत्य या चूक के कारण किसी तृतीय पक्ष द्वारा कोई दावा, कार्यवाही, वाद, व्यय, क्षति अथवा हानि उत्पन्न होती है, तो संबंधित पक्ष दूसरे पक्ष को उससे पूर्णतः सुरक्षित एवं क्षतिपूर्ति (Indemnified) रखेगा।
10. पक्षों के मध्य संबंध: यह स्पष्ट रूप से सहमति व्यक्त की जाती है कि NIELIT-HARIDWAR एवं SGRR-DEHRADUN इस MoU के अंतर्गत स्वतंत्र संविदाकार (Independent Contractors) के रूप में कार्य करेंगे तथा इस MoU के अंतर्गत स्थापित संबंध को किसी भी प्रकार से साझेदारी (Partnership) के रूप में नहीं माना जाएगा। किसी भी पक्ष को दूसरे पक्ष की पूर्व लिखित सहमति के बिना उसके नाम का उपयोग करने, उसकी ओर से कोई प्रतिनिधित्व करने अथवा प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कोई दायित्व या उत्तरदायित्व उत्पन्न करने का अधिकार नहीं होगा। इसके अतिरिक्त, किसी भी पक्ष को इस MoU के अंतर्गत दूसरे पक्ष के नाम पर किसी प्रकार का समझौता करने, उसे बाध्य करने, उसकी साख (Credit) गिरवी रखने अथवा उसकी ओर से ऋण सुविधा प्रदान करने का कोई अधिकार प्राप्त नहीं होगा और न ही वह स्वयं को ऐसा अधिकार प्राप्त होने के रूप में प्रस्तुत करेगा।
11. मध्यस्थता (Arbitration): इस MoU के नियमों एवं शर्तों के पालन अथवा उनकी व्याख्या से संबंधित किसी भी प्रकार का मतभेद या विवाद उत्पन्न होने की स्थिति में, उसे NIELIT-HARIDWAR के Director-In-Charge तथा SGRR-DEHRADUN द्वारा स्वतंत्रता, पारस्परिक सम्मान एवं साझा उत्तरदायित्व की भावना के साथ संयुक्त रूप से सुलझाने का प्रयास किया जाएगा। यदि विवाद का समाधान नहीं हो पाता है, तो दोनों पक्ष पारस्परिक सहमति से एक मध्यस्थ (Arbitrator) नियुक्त करेंगे। मध्यस्थ का निर्णय दोनों पक्षों पर अंतिम एवं बाध्यकारी होगा। इस संबंध में मध्यस्थता एवं सुलह अधिनियम, 1996 तथा उसके अंतर्गत बनाए गए नियम लागू होंगे।
12. इस MoU से उत्पन्न सभी मामलों एवं विवादों के संबंध में उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय, नैनीताल के अधिकार क्षेत्राधीन हरिद्वार

Sanyam Rathor

NOTARY
Rajendra Singh Negi
Advocate
Dehradun District
Reg. No.19(01)2002
GOVT. OF UTTARAKHAND

Scanned with OKEN Scanner

In witness where of the Parties have here into set and subscribed the hands and seals on the date month and year first above written.

| | |
|---|---|
| **For and on Behalf of NIELIT-HARIDWAR**<br><br>(Signature & Stamp of Authorized Signatory of NIELIT-HARIDWAR)<br><br>Name: Sanyam Rathor<br>Designation: Additional Director | **For and on Behalf of SGRR-DEHRADUN**<br><br>(Signature & Stamp of Authorized Signatory of SGRR-DEHRADUN )<br><br>Name: Dr. Lokesh Gambhir<br>Designation: Registrar, SGRRU |
| **Witness 1:**<br><br>Signature: Arpit Gupta<br><br>Name & Designation: Arpit Gupta Sr Faculty | **Witness 2:**<br><br>Signature:<br><br>Name & Designation: Dr. Sarika Kandari Dean, School of Engineering & Technology, SGRRU |

जिसके साक्ष्य स्वरूप, दोनों पक्षों ने उपरोक्त लिखित तिथि, माह एवं वर्ष को इस समझौता ज्ञापन पर अपने हस्ताक्षर एवं मुहर अंकित किए हैं।

| | |
|---|---|
| NIELIT-HARIDWAR की ओर से एवं उसके प्रतिनिधित्व में<br><br>(अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता के हस्ताक्षर एवं मुहर)<br><br>नाम: Sanyam Rathor<br><br>पदनाम: Additional Director | SGRR-DEHRADUN की ओर से एवं उसके प्रतिनिधित्व में<br><br>(अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता के हस्ताक्षर एवं मुहर)<br><br>नाम: Dr. Lokesh Gambhir<br><br>पदनाम: Registrar, SGRRU |
| साक्षी 1:<br><br>हस्ताक्षर:<br><br>नाम एवं पदनाम: अर्पित गुप्ता | साक्षी 2:<br><br>हस्ताक्षर:<br><br>नाम एवं पदनाम: Dr. Sarika Kandari Dean, School of Engineering & Technology, SGRRU. |

ATTESTED
...ENDRA SINGH NEGI
Advocate & NOTARY
...mber No. 92, 1st Floor
Opposite Bar Office